पेज थ्री देहरादून

# हमारा दून

देहरादून रविवार 12 जुलाई 2020





मेयर, नगर आयुक्त एवं पत्रकारों को सम्मानित करते हुए।

# होम क्वारंटीन पर रखे गये लोगों पर नियमित निगरानी रखी जाय: सीएम

**निर्देश**

■रिकवरी रेट में उत्तराखण्ड देश में लदाख के बाद दूसरे नम्बर पर

■नैनीताल में बनाया जायेगा 500 बैड का कोविड केयर सेंटर

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि होम क्वारंटाइन में रखे गए लोगों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। इसके लिए मुख्य विकास अधिकारियों को नोडल ऑफिसर बनाया जाए। होम क्वारंटाइन और पर्यटन स्थलों पर निगरानी के लिए पीआरडी, होमगार्ड और अन्य लोगों की ड्यूटी लगाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कारवाई की जाए। हाई रिस्क मामलों और आरोग्य सेतु एप पर भी नियमित निगरानी रखी जाए। सर्विलांस सिस्टम को और अधिक मजबूत बनाने की जरूरत है।

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने शनिवार को सचिवालय में कोरोना संक्रमण की रोकथाम और बचाव के लिए किए जा रहे कार्यों की वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए से समीक्षा की। सीएम ने कहा कि चार मैदानी जिलों दून, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर और नैनीताल में विशेष सतर्कता की आवश्यकता है। इन जनपदों में सैनिटाइजेशन पर विशेष ध्यान दिया जाए। अभी प्रदेश में 558 कोविड के सक्रिय मामलों में से 473 इन चार जिलों में हैं। शेष 09 जनपदों में 85 एक्टिव केस हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सब्जी मंडियों और पर्यटक स्थलों पर शारीरिक दूरी और कोविड–19 के अन्य मानकों का पूरा अनुपालन किया जाए। मानकों का अनुपालन न करने वालों पर कारवाई की जाए। कन्टेंटमेंट जोन माइक्रो लेबल पर बनाए जाए, जिससे उनकी निगरानी भी सही तरीके से हो और लोगों को अनावश्यक परेशानियां न हो।



**राज्य में बढ़ाई गई कोविड सैंपल टेस्टिंग:** सीएम ने बताया कि राज्य में कोविड सैंपल टेस्टिंग की संख्या बढ़ाई गई है। जल्द ही कुछ और ट्रू–नेट मशीन राज्य को मिलने वाली हैं, जिससे सैंपलिंग में और तेजी आएगी। उन्होंने जिलाधिकारी नैनीताल को निर्देश दिए कि एसडीआरएफ के सहयोग से नैनीताल में 500 बैड का कोविड केयर सेंटर बनाया जाए। अभी राज्य रिकवरी रेट में देश में लद्दाख के बाद दूसरे नंबर पर है। कोविड पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिन जनपदों की सीमाएं अन्य प्रदेशों के जनपदों की सीमाओं से लगी हैं, सतर्कता के दृष्टिगत उस जिले के प्रशासन से समन्वय रखा जाए। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून के दृष्टिगत सभी व्यवस्थाएं सुचारू रखी जाए, रिस्पॉन्स सिस्टम कम से कम किया जाए। डेंगू से बचाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली जाए। उन्होंने कहा कि कोविड के दौरान सभी जिलाधिकारी और उनकी टीम अच्छा कार्य कर रहे हैं। पर अभी हमको पूरी सतर्कता के साथ कार्य करने होंगे। जनता का भी सकारात्मक सहयोग मिला है।

## सर्विलांस सिस्टम को रखा जाए प्राथमिकता पर

मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह ने कहा कि सर्विलांस सिस्टम को प्राथमिकता पर रखा जाए। सभी जिलों में सैंपल टेस्टिंग टारगेटेड हो। हमें कोरोना से बचाव के साथ ही आर्थिक गतिविधियों पर भी ध्यान देना होगा। प्रधानमंत्री के जान और जहान दोनों कॉन्सेप्ट पर काम करना होगा। कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए। राज्य में स्थिति नियंत्रण में हैं, आगे भी हमारे प्रयास इसी तरह के होने चाहिए। बैठक में बताया गया कि काशीपुर में अधिक एक्टिव केस के दृष्टिगत काशीपुर में लॉकडाउन किया गया है।

बैठक में सचिव स्वास्थ्य अमित नेगी, सचिव शैलेश बगोली, पंकज पाण्डेय, एसए मुरुगेशन, आइजी संजय गुंज्याल, अपर सचिव सोनिका, महानिदेशक स्वास्थ्य डॉ. अमिता उप्रेती सहित सभी जिलाधिकारी और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड में बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं पर गरजे कांग्रेसी

**मांग**

■सरकार से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की मांग

देहरादून। **संवाददाता**

स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली को लेकर कांग्रेस ने प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की मांग की। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार को बार–बार आगाह करने के बाद भी हालातों में कोई सुधार नहीं हुआ है। आज प्रदेश में इलाज के अभाव में लोगों की जान जा रही है। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने इसे लेकर सिस्टम पर तंज कसा।



कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता प्रीतम रोड स्थित गांधी शताब्दी अस्पताल के बाहर एकत्रित हुए और वहां पर उन्होंने प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव में लोग दम तोड़ रहे हैं, जिसका ताजा उदाहरण रिखणीखाल की स्वाति ध्यानी हैं। इलाज न मिलने पर स्वाति ध्यानी और बच्चे की मौत हुई।

इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व विधायक राजकुमार ने कहा कि आज के परिवेश में प्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं दी जानी चाहिए, जिससे पर्वतीय क्षेत्रों में लोगों को समय पर समुचित इलाज मिल सके और वह अपना उपचार करा सके। सरकार को इसके लिए आगे आने की आवश्यकता है। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इससे पहले स्वाति ध्यानी को दीपक जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

**पूर्व सीएम ने सिस्टम पर कसा तंज:** पूर्व सीएम और कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव हरीश रावत ने उत्तराखंड की बेटी स्वाति ध्यानी को इंसाफ दिलाने के लिए शनिवार को अस्पताल के सामने मोमबत्ती जलाई। कोरोनेशन अस्पताल पहुंचकर स्वाति को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सिस्टम पर भी तंज कसा।

## मेयर, नगर आयुक्त एवं पत्रकारों को किया सम्मानित

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना वायरस कोविड–19 जैसे महामारी की वजह से उत्पन्न हुए आपातकाल जैसी परिस्थितियों में भी देहरादून शहर को स्वच्छ व सुन्दर बनाये रखने व वायरस की रोकथाम के लिए किये गए पूरे शहर में बाजार से लेकर गली मौहल्लों तक सैनीटाइज किया गया सगए प्रयासो के लिए महापौर सुनील उनियाल गामा व नगर आयुक्त विनय शंकर पांडेय को शॉल ओढाकर व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

`नगर निगम स्थित मेयर के कार्यालय में सामाजिक संस्था क्रेजी वॉरियर के अध्यक्ष वैभव शंखधर के नेतृत्व में संगठन के व्यापारिक विंग क्रेजी वॉरियर व्यापार मंडल अध्यक्ष अक्षत जैन एवं अन्य पदाधिकारियो द्वारा नगर निगम जाकर मेयर सुनील उनियाल गामा व नगर आयुक्त विनय शंकर पांडेय को शॉल ओढ़ाकर एव सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कई पत्रकारों व छायाकारों को भी सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### कोविड 19 के लिए 7 लाख 10 हजार 489 की राशि जमा की

**संवाददाता** देहरादून। कोविड– 19 के दृष्टिगत मुख्यमंत्री राहत कोष हेतु नवीन चन्द्र दुम्का, विधायक विधान सभा क्षेत्र, लालकुआं जनपद नैनीताल के माध्यम से लालकुआं विधान सभा क्षेत्र के दान दाताओं द्वारा 7 लाख 10 हजार 489 की धनराशि जमा की गई। इसके साथ ही गत दिवस कोविड– 19 के दृष्टिगत मुख्यमंत्री राहत कोष हेतु गजराज सिंह बिष्ट, अध्यक्ष, उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड रूद्रपुर जिला ऊधमसिंह नगर के माध्यम से विभिन्न दान दाताओं द्वारा 01 लाख 33 हजार 390 रूपये जमा किये गये।

### डेंगू की रोकथाम को चलाया अभियान

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी डा. आशीष कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में अधिशासी अधिकारी विजय प्रताप सिंह चौहान एवं रेखा आर्य तहसीलदार, डोईवाला के नेतृत्व में राजीव नगर एवं केशव पुरी वार्ड के क्षेत्रों में डेंगू की रोकथाम हेतु अभियान चलाया गया। इस अवसर पर अभियान के दौरान कबाड़ की दुकानों, टायर पंचर की दुकान, रेस्टोरेंट्स इत्यादि में रुके हुए पानी को हटाया गया तथा सभी को साफ सफाई रखने एवं कहीं पर भी पानी को न रुकने देने हेतु निर्देशित किया गया। अभियान के दौरान रुपए 1100 के चार चालान काटे गए।

### श्रीदेव सुमन मंडल में किया पौधारोपण

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा श्री देव सुमन मंडल मसूरी विधानसभा में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा कुंदन लटवाल के आहवान पर वृक्षारोपण। किया गया।

इस अवसर पर जिसमें युवा मोर्चा द्वारा! 101 पौधे लगाए गए। महानगर युवा मोर्चा हर मंडलों में पौधारोपण किए जा रहे हैं। हरेला पर्व 16 जुलाई तक हर मंडलों में हर वार्डों में पौधारोपण किए जाएंगे।

इस अवसर पर पौधारोपण करने वालों में मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा अमोल डोभाल, युवा मोर्चा महानगर राजेश रावत, मंडल अध्यक्ष पूनम नौटियाल, मंडल महामंत्री सुरेंद्र राणा आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

### डॉक्टरों को वेतन कटौती का नोटिस अमानवीय

**संवाददाता** देहरादून। जागरूक बनो आवाज उठाओ संगठन के संयोजक यशवीर आर्य ने कहा है कि एक तरफ डॉक्टरों सहित स्वास्थ्य कर्मचारी अपने जीवन की परवाह किये बिना कैरोना प्रभावित लोगों की चिकित्सा मे लगे हैं वहीं दूसरी ओर उनके ही विभाग द्वारा उनको वेतन काटने का नोटिस देकर अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है। इसका विरोध किया जायेगा।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०-**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।